# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org


पत्रांक संख्या–7804/23 दिनांक 11/09/2023

सेवा में,

**प्रबंधक / प्रधानाचार्य / विभागाध्यक्ष,**
समस्त नर्सिंग / पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

**विषय–जी0एन0एम0, ए0एन0एम0 एवं समस्त पैरामेडिकल डिप्लोमा प्रशिक्षण (लैब टेक्नीशियन, एक्स–रे टेक्नीशियन, रेडियोथेरेपी टेक्नीशियन सहित) की मुख्य / पूरक की परीक्षा में कोरियर / निर्धारित समय के उपरान्त भेजी गई उत्तरपुस्तिकाओं के संस्थानों की पुर्नपरीक्षा सितम्बर–2023 हेतु अत्यन्त आवश्यक दिशा–निर्देश।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त सन्दर्भ में अवगत कराना है कि जून / जुलाई–2023 की परीक्षा हेतु पत्र संख्या–5626 / 23 दिनांक 21.06.2023 के द्वारा निर्देशित किया गया था कि प्रत्येक परीक्षा के उपरान्त उत्तरपुस्तिकाओं को निश्चित समय अवधि में स्पीड पोस्ट / आर0एम0एस0 के माध्यम से भेजा जाना था। कतिपय संस्थानों द्वारा उत्तरपुस्तिकाऐं कोरियर के माध्यम से एवं निर्धारित समय के उपरान्त भेजी गई। छात्र हित के दृष्टिगत ऐसे संस्थानों की पुर्नपरीक्षा सितम्बर–2023 में कराये जाने का निर्णय लिया गया है। जिससे उनका शैक्षणिक सत्र प्रभावित न हो। परीक्षा के अर्ह छात्र / छात्राओं के प्रवेश पत्र **दिनांक 13.09.2023** तक इस कार्यालय द्वारा जारी कर अपलोड कर दिये जायेगें। परीक्षा समाप्त होने के बाद प्रवेश–पत्र को संकलित न करें, उक्त प्रवेश–पत्र को छात्र / छात्राओं के पास ही रहने दें।

परीक्षा केन्द्रों की सूचना प्रवेश–पत्र पर अंकित होगी एवं परीक्षार्थी आवंटित परीक्षा केन्द्रो में परीक्षा देगें। कार्यालय द्वारा डिजिटलीय बारकोड (Digitally Barcode) युक्त उत्तरपुस्तिकायें शीघ्र ही उपलब्ध करायी जा रही हैं। कृपया दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए उत्तरपुस्तिका में सूचना भरें। पुरानी उत्तरपुस्तिकाओं का प्रयोग वर्जित है। उक्त परीक्षा के प्रश्न–पत्र ऑनलाइन माध्यम द्वारा भेजे जायेंगे, जो आपके सेन्टर लॉग–इन पैनल पर परीक्षा की तिथि के दिन परीक्षा समय से 30 मिनट पूर्व उपलब्ध कराये जायेगें। इस हेतु समस्त संसाधन इत्यादि की उपलब्धता अवश्य सुनिश्चित कर लें।

सूच्य हो कि अपने लॉग इन पैनल का पासवर्ड किसी जिम्मेदार अधिकारी / कर्मचारी को ही दें। किसी प्रकार की परीक्षा सामग्री में अनियमितता / गोपनीयता भंग होने संबंधी जानकारी होने पर आपके संस्थान की परीक्षा निरस्त कर दी जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं संस्था का होगा।

परीक्षा सम्बन्धी अन्य आवश्यक सूचना समय–समय पर इस कार्यालय की अधिकृत वेबसाइट www.upsmfac.org पर जारी की जायेगी। कृपया वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करते रहें।

भवदीय,

**सचिव,**
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

**5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001**
**हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463**
**Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org**

**पत्रांक संख्या–** 1803/23 **दिनांक** 11.09.23

सेवा में,

**प्रबंधक / प्रधानाचार्य / विभागाध्यक्ष,**
समस्त नर्सिंग / पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

**विषय–जी0एन0एम0, ए0एन0एम0 एवं समस्त पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों की मुख्य / पूरक की परीक्षा में कोरियर / निर्धारित समय के उपरान्त भेजी गई उत्तरपुस्तिकाओं के संस्थानों की पुर्नपरीक्षा सितम्बर–2023 हेतु अत्यन्त आवश्यक दिशा–निर्देश।**

महोदय / महोदया,

जी0एन0एम0, ए0एन0एम0 एवं समस्त पैरामेडिकल डिप्लोमा प्रशिक्षण (लैब टेक्नीशियन, एक्स–रे टेक्नीशियन, रेडियोथेरेपी टेक्नीशियन सहित) जून / जुलाई–2023 की परीक्षा हेतु पत्र संख्या–5626 / 23 दिनांक 21.06.2023 के द्वारा निर्देशित किया गया था कि प्रत्येक परीक्षा के उपरान्त उत्तरपुस्तिकाओं को निश्चित समय अवधि में स्पीड पोस्ट / आर0एम0एस0 के माध्यम से भेजा जाना था। कतिपय संस्थानों द्वारा उत्तरपुस्तिकाऐं कोरियर के माध्यम से एवं निर्धारित समय के उपरान्त भेजी गई। छात्र हित के दृष्टिगत ऐसे संस्थानों की पुर्नपरीक्षा सितम्बर–2023 में कराये जाने का निर्णय लिया गया है। परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें, जो निम्नानुसार हैं :–

1. कार्यालय द्वारा डिजिटलीय बारकोड (Digitally Barcode) युक्त उत्तरपुस्तिकायें शीघ्र ही उपलब्ध करायी जा रही हैं।
2. परीक्षा के प्रश्न–पत्र ऑनलाइन माध्यम द्वारा से भेजे जायेंगे, जो आपके सेन्टर लॉग–इन पैनल पर परीक्षा की तिथि के दिन परीक्षा समय से 30 मिनट पूर्व उपलब्ध कराये जायेगें। प्रश्न–पत्र को डाउनलोड करने के लिए आपेक्षित संसाधन जैसे–**सी0सी0टी0वी0 कैमरे, कम्प्यूटर, इण्टरनेट कनेक्शन, प्रिन्टर, ए4 साइज के पेपर्स** आदि की व्यवस्था अवश्य सुनिश्चित कर लें, जिससे किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो।
3. सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न करायी जायेंगी और उसकी फुटेज दो प्रतियों में सुरक्षित रखी जायें। किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर अथवा आवश्यकता पड़ने पर इस कार्यालय द्वारा फुटेज को परीक्षण हेतु मंगाने पर उपलब्ध हो सके।

**...............02**

4. प्रत्येक दिवस परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात् उत्तरपुस्तिकाओं को सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में ही सील किया जाये।

5. **उत्तरपुस्तिकाओं के सील्ड बंडल के ऊपर स्पष्ट रूप से कोर्स का नाम वर्ष सहित, प्रश्न–पत्र (विषय) का नाम, परीक्षा की तिथि, समय एवं सेन्टर कोड आवश्य अंकित किया जाये।**

6. **परीक्षा सम्पन्न होने के 01 घण्टे के अन्दर उत्तरपुस्तिकाओं को इस कार्यालय को स्पीड पोस्ट/आर0एम0एस0 के माध्यम से ही भेजना सुनिश्चित करें।**

7. प्रत्येक प्रयुक्त उत्तरपुस्तिकाओं को विषयवार प्रत्येक पैकेट में परीक्षार्थियों की उपस्थिति तालिका की छायाप्रति व परीक्षा में प्रयोग किया गया प्रश्न–पत्र आवश्य भेजना सुनिश्चित करें। उपस्थिति तालिका उत्तरपुस्तिकाओं के सील्ड बंडल के साथ न होने की दशा में उनका मूल्यांकन कराना सम्भव नहीं हो सकेगा।

8. परीक्षा समाप्त होने के अन्तिम दिन परीक्षार्थियों के विषयवार समस्त उपस्थिति तालिका (मूल प्रति) को अलग से एक सील्ड पैकेट में इस कार्यालय को पंजीकृत डाक द्वारा भेजना सुनिश्चित करेंगे।

9. अन्तिम दिन की परीक्षा समाप्त होने के उपरान्त अप्रयुक्त (UNUSED) उत्तरपुस्तिकाओं को एक सील्ड पैकेट में इस कार्यालय को पंजीकृत डाक से भेजना सुनिश्चित करेंगे।

10. परीक्षा समाप्त होने के बाद प्रवेश–पत्र को छात्र/छात्राओं से वापस न लें, प्रवेश पत्र को छात्र/छात्राओं के पास ही रहने दें।

**नोट–** इस कार्यालय द्वारा परीक्षा सम्बन्धी सूचना समय–समय पर इस कार्यालय की अधिकृत वेबसाइट **www.upsmfac.org** पर जारी की जायेंगी। कृपया वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

भवदीय,

**सचिव,**
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।